Business Bhaskar (Hindi)
16-5-13

## आईसीई रॉ शुगर निचले स्तर पर




**लंदन** ◆ आईसीई एक्सचेंज में रॉ शुगर के दाम तीन साल में पहली बार 17 सेंट प्रति पाउंड से नीचे गिर गए। सबसे बड़े चीनी उत्पादक देश ब्राजील में उत्पादन बढ़ने की संभावना से चीनी के मूल्य पर दबाव बना हुआ है। बाजार में पहले ही अत्यधिक सप्लाई की स्थिति बनी हुई है। आईसीई एक्सचेंज में जुलाई डिलीवरी रॉ शुगर 0.05 सेंट (0.3 फीसदी) गिरकर 16.97 सेंट प्रति पाउंड रह गई। कारोबारी सत्र के दौरान इसके भाव 16.94 सेंट प्रति पाउंड का स्तर छू गए। जुलाई 2010 के बाद भाव ने इतना निचला मूल्य स्तर छुआ। कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया के एनालिस्ट ल्यूक मैथ्यूज ने कहा कि पिछले अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में ब्राजील के मध्य व दक्षिणी क्षेत्र में गन्ने की पेराई ज्यादा हुई। मई में भी ज्यादा पेराई होने की संभावना है। इससे विश्व बाजार में चीनी के मूल्य पर दबाव बना हुई है। लिफ्फे एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी रॉ शुगर 1.80 डॉलर (0.4 फीसदी) गिरकर 476.20 डॉलर प्रति टन रह गई।

## मलेशियाई पाम तेल की गिरावट जारी